हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 निर्माण के सालभर के भीतर ही डोटू नाला पुल पर जगह...



11 90 कंप्यूटर ऑपरेटरों ने किया रक्तदान अनशन पर ...



## आयोजन : जिला मुख्यालय के टाउनहॉल में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

# प्रधानमंत्री आवास मेला : उप मुख्यमंत्री साव ने लाभार्थियों को सौंपी उनके अपने घर की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री अरुण साव ने जिला मुख्यालय के टाउनहॉल में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत "आवास मेला" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में आवास योजना के तहत लाभार्थियों को उनके आवास प्रदान करना और योजना को व्यापक रूप से प्रचारित करना था।

श्री साव ने कार्यक्रम के दौरान 12 लाभार्थियों को उनके नए आवासों की चाबी और 12 को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। श्री साव ने कहा कि सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पिछले महीने, सितंबर 2024 में, करीब 15,000 नए आवास स्वीकृत किए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी हर ग़रीब को पक्का मकान का सपना पूरा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने आते ही 18 लाख ग़रीब परिवारों को पक्का मकान देने की स्वीकृति दी। जिसमें 8 लाख लोगों को पहली किश्त भी जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि ज़िले में 32 हज़ार प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हो गये हैं। नये स्वीकृत आवास की भी पहली किश्त जारी कर दी गयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उनका अपना एक घर हो, जिसमें वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सुकून भरा जीवन बिता सकें। किंतु ग़रीब व्यक्ति के लिए आर्थिक कठिनाइयों और सीमित आय के कारण यह सपना दूर की बात लगता था। परंतु प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके इस सपने को हकीकत में बदलने का अवसर प्रदान किया। यह योजना उनके लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई, जिससे उनके परिवार की जीवनशैली में अभूतपूर्व बदलाव लाए।

### कहा- प्रधानमंत्री मोदी हर ग़रीब के स्वयं के पक्का मकान का सपना पूरा कर रहे हैं



### कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है योजना : बघेल

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने की। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने सरकार की इस योजना की सराहना की और इसे गरीब परिवारों के जीवन में सुधार लाने का अहम जरिया बताया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,ओमप्रकाश जोशी,राजेंद्र शर्मा सहित हितग्राही सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जिले प्रभारी मंत्री साव ने प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

## सभी हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले, कोई वंचित न रहे



**बेमेतरा।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण एवं प्रभारी मंत्री अरुण साव ने सोमवार ज़िला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बारी-बारी से कार्यों की समीक्षा और शासन की हितग्राही मूलक जनहितकारी योजनाओं के लाभार्थियों की भी जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला पंचायत की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है। पात्र हितग्राहियों को सभी योजनाओं का लाभ मिले, कोई भी इनसे वंचित न रहें। उन्होंने अमृत सरोवर का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह सरकारी योजना नहीं बल्कि जल संचय को लेकर जागरूकता लाने, लोगों को तालाब से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह चुनौती है। चुनौती से मुकबला जनभागीदारी के बिना नहीं कर सकते, इसलिए लोगों का जागरूक होना और जुड़ाव ज़रूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सरकार के पास राशि की कमी नहीं है। राजस्व संबंधी कार्य एवं छोटी-छोटी समस्याओं के लिए जानता को इधर-उधर भटकना ना पड़े। और काम न रोका जाए। श्री साव ने समीक्षा बैठक में कहा कि गड़बड़ियां करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहन भी किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन को लेकर कहा कि यह योजना नहीं बल्कि मिशन है। इस पर पूरा फ़्रोकस से काम करें। लोगों को शुद्ध पेयजल मिले। आंगनबाड़ी में बच्चों लो उपस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले यह सुनिश्चित किया जाये। श्री साव ने ज़िले में अवैध मदिरा, मेडिसन इत्यादि की बिक्री, परिवहन पर पुलिस अधीक्षक के सहयोग लेकर और योजना बना कर रोकथाम करने पर ज़ोर दिया। इसी के साथ खनिज उत्खनन और अवैध खनिज परिवहन पर ▶▶| शेष पेज 11 पर

### काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

उप मुख्य मंत्री श्री साव ने नगर पालिका अधिकारियों को शहरों, नगर पंचायतों के विकास और जन सुविधाएं विकसित करने गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नगरीय निकाय में काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर शहरों का सुव्यवस्थित और सुनियोजित विकास सुनिश्चित करें। कर्मचारियों के समय पर भुगतान हो सुनिश्चित करें। उन्होंने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कहा कि किसी भी काम में लापरवाही किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। उप मुख्यमंत्री साव ने सभी योजनाओं की सड़कों और पुल-पुलियों की मरम्मत का काम सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। स्वीकृत सड़कें पूरी गुणवत्ता पूर्ण से निर्माण पर बल दिया। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से कार्यालयीन कार्य के अलावा मैदानी क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### मरकाटोला में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**गुरूर।** ग्राम मरकाटोला में 8 अक्टूबर को कंकालिन मंदिर देव दशहरा के अवसर पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष लोचन नेहरु ने बताया कि रात्रि 8 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा एवं भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी करेंगी, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष गुरुर प्रभात धुवे करेंगे। उपाध्यक्ष अजय नेताम ने बताया कि सामूहिक नृत्य मे प्रथम पुरस्कार 8000 रुपये, द्वितीय 6000, तृतीय 4000 रूपए प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये, द्वितीय 3000, तृतीय 2000 रूपए तथा एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय 2000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 1500 रुपये रखा गया है।

### ड्यूटी जाने के दौरान बीएसपी कर्मी घायल



**भिलाई।** आज तड़के प्रथम पाली मे ड्यूटी आने की जल्दी में चरोदा निवासी रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल के कर्मी हेमंत महोबिया खूर्सिपार चौक के पास एक ट्रक की चपेट मे आने से घायल हो गये। ट्रक की ठोकर से उनकी कार पलट कर ट्रक के सामने आ गयी और पूरी तरह से पिचक गयी है। वे लोगों की मदद से अपनी क्षतिग्रस्त कार को लेकर ड्यूटी पंहुचे और बायोमेट्रिक मे हाजरी लगवाई। यूनियन के लोगों ने दुर्घटना को बीएसपी में लगे फेस रीडिंग बायोमेट्रिक का साइड इफेक्ट बताया।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि बलौदाबाजार निवासी धर्मेंद्र भारतद्वाज की बाइक को रामसागर पारा उरला भिलाई-3 निवासी मनोज कुमार कुर्रे ने बाइक को रोका पीड़ित के साथ मारपीट कर बाइक व मोबाइल लूटकर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया है।

### काम में लापरवाही : दो पुलिस कर्मी लाइन अटैच

**भिलाई।** विभागीय कार्यों में लापरवाही के बाद दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने भिलाई तीन थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रविन्द्र भारती और आरक्षक महेश बंछोर को लाइन अटैच किया है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि यह कार्रवाई सीएसपी हरिश पाटिल और थाना प्रभारी महेश ध्रुव की शिकायत पर की गई है। दोनों ही अफसर के द्वारा आरक्षक व प्रधान आरक्षक के कार्य स्थल पर विभागीय कार्यों को लेकर रुचि नहीं दिखाने, लगातार की जा रही लापरवाही के बाद कार्रवाई की गई। अफसरों की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने शनिवार की शाम को आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद से दोनों को पुलिस लाइन भेजा गया है।

### धमकी देकर 5 लाख की डिमांड, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** अश्लील फोटो और वीडियों को वायरल करने की धमकी देकर रुपए का डिमांड करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 308 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि महावीर कालोनी दुर्ग निवासी रोशन जैन ने शिकायत किया है कि भतीजी के मोबाइल पर पांच लाख रुपए का डिमांड का मैसेज कर अश्लील फोटो और वीडियों वायरल करने की धमकी दिया गया।

## रजिस्ट्री शून्य कर, खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज करें कार्रवाई : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्राम मजगांव की राम मंदिर जमीन खरीदी-बिक्री मामले में कलेक्टर से की गई मांग

राम मंदिर जमीन का मामला सामने आने पर कारवाई की मांग जोरशोर से उठने लगी है। कांग्रेस ने जहां इस मामले पर कारवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है, वहीं मामले में शामिल भाजपा नेता के खिलाफ सर्व ब्राह्मण समाज, सर्व समाज सहित शिव सेना भी मैदान में उतर आई है। वहीं, इस मामले में भाजपा पूरी तरह से चुप्पी साधे हुई है।

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा नेता द्वारा करोड़ों की जमीन को पानी के मोल खरीदा गया है तथा शासन को रजिस्ट्री शुल्क में भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है। यह भी जांच का विषय है कि जिस राशि में विक्रय किया जाना बताया गया है तथा रजिस्ट्री में जिस चेक क्रमांक में राशि का आहरण किया जाना बताया गया है, क्या उसमें बैंक से लेनदेन किया गया है कि झूठी जानकारी प्रदान की गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस पूरी रजिस्ट्री प्रक्रिया से ▶▶| शेष पेज 11 पर




### भाजपा नेता के निवास के सामने शिव सैनिक पढ़ेंगे हनुमान चालीसा

राम मंदिर जमीन के मामले में शिव सेना भी सामने आ गई। शिव सेना प्रदेश सचिव दाऊ राम चौहान व जिला शिव सेना प्रमुख गिरवर रजक ने मामले में भाजपा नेता अनिल माहेश्वरी की पत्नी व विक्रेता पर एफआईआर दर्ज कर कारवाई करने की मांग की है। वहीं, विरोध स्वरूप भाजपा नेता के निवास के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करने की बात कही है, ताकि भाजपा नेता को सद्बुद्धि मिले। इस मामले में कारवाई की मांग को लेकर जिला प्रशासन को आज ज्ञापन सौंपेगी। शिवसेना नेताओं ने जमीन की रजिस्ट्री शून्य कर संबंधित लोगो के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की है।

### सर्व समाज ने बताया रामभक्तों का अपमान

सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय तथा सर्व समाज के बेमेतरा जिलाध्यक्ष शत्रुहन साहू ने भी जिला प्रशासन से मांग मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी राम मंदिर एवं अन्य मंदिर जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा भूमि दान में दी गई है, उन्हें संज्ञान में लेकर जांच करें, ताकि इस तरह की गड़बड़ी सामने आ सकें। उन्होंने कहा कि स्वयं को रामभक्त बताने वालों द्वारा इस प्रकार की भर्राशाही करना रामभक्तों का अपमान है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर समिति को दान में दी गई भूमि से उत्पादित अनाज का भी कोई रिकार्ड नहीं होना चिंता की बात है।

### फसल पकने से पहले कीड़ों व चूहों का हमला बढ़ी किसानों की चिंता

**बालोद।** जिले में किसान धान की फसल को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित व परेशान नजर आ रहे हैं, क्योंकि धान की फसलों पर कीड़े मकोड़ों के साथ ही चूहों का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जो धान की फसलों को काट कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों को वर्तमान में तनाछेदक, उकसा, कटवा के अलावा चूहों की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण किसान बहुत ज्यादा परेशान और चिंतित नजर आ रहे हैं। धान की फसलों में अनेक बीमारियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जिसके प्रकोप को कीटनाशक दवाईयो का छिड़काव कर बचाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, अब चूहों ने नई परेशानी उत्पन्न कर दी है। चूहे खेतों के अंदर में जाकर धान के पौधों को काटकर बर्बाद कर रहे हैं, जो किसानों के लिए बड़ी समस्या है। क्योंकि चूहे खेत के मेड़ में नहीं, बल्कि खेत के बीचों बीच घुसकर धान को काट कर नुकसान पहुंचा रहे हैं, जो एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी को उपमुख्यमंत्री साव ने किया सम्मानित



**बेमेतरा।** पर्यावरण संरक्षण पर ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी ने हरियर बेमेतरा सुघर बेमेतरा के तहत नगर के भिन्न भिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया था। उनके इस कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव व खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी की पूरी टीम को सम्मानित किया। समिति के संयोजक जगजीत सिंह, अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने इस सम्मान पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारी ये मुहिम आगे भी अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान समिति के गोबिंद साहू, धर्मेद साहू, विष्णु साहू, अमित यादव, राजीव भुआल, फनी राव, कमल साहू, बंटी पटेल, साहिल रिज़वी सहित सभी सदस्य शामिल रहे।

### लायन क्लब रायपुर ने लगाया रक्तदान जागरूकता शिविर



**देवकर।** लायन क्लब रायपुर द्वारा रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेमेतरा भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष व देवकर नगर निवासी रावल बोरा ने रक्तदान दिया। रावल बोरा ने बताया कि लायन क्लब के आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है, जिससे समय पड़ने पर बीमार व्यक्ति को ब्लड दे कर उनके जीवन की रक्षा की जा सके। इसी उद्देश्य को लेकर शहर के लायन क्लब के अध्यक्ष ड्रॉक्टर सुनील श्रीवास्तव, डॉ सुनील गोहलानी, डॉ लक्ष्मी नारायण लोहाटी द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं, उन्होंने पूरी टीम से जनवरी माह में अपने गृह क्षेत्र नगर पंचायत देवकर में रक्तदान शिविर लगाने का आग्रह किया।

### शासकीय विद्यालय लेंजवारा में लगा 5 दिवसीय आपदा प्रबंधन शिविर

## स्काउट्स-गाइड्स को दिया आपदा प्रबंधन तकनीकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पाँच दिवसीय जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन विकासखंड बेरला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लेंजवारा में 1 से 5 अक्टूबर तक सफलतापूर्वक किया गया। शिविर का उद्देश्य स्काउट्स एवं गाइड्स को आपदा प्रबंधन की विधाओं में प्रशिक्षित करना और संकट के समय सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत स्काउटिंग परंपरा के अनुसार अतिथियों को स्कार्फ पहनाकर की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर रणबीर शर्मा ने युवाओं को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक होने और प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। बच्चों को अभ्यास करते रहने की सलाह दी। शिविर में विभिन्न आपदा प्रबंधन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा, बाढ़ राहत, और खोज एवं बचाव कार्य शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान टीमवर्क और नेतृत्व के गुणों पर विशेष ध्यान दिया गया।

शिविर में अलग-अलग दिन विभागों अधिकारियों ने शिविर में जानकारी उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य विभाग बेरला के डॉक्टर की टीम द्वारा स्काउट गाइड को प्राथमिक उपचार, सहित मौसमी बीमारियों के लक्षण और उपचार पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं, उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को ऑनलाइन फ्रॉड संबंधित विस्तृत जानकारी भी दी।

साथ ही यातायात नियमों की जानकारी से अवगत कराया। शिविर के कार्यक्रम प्रभारी व विकास खंड सचिव श्री अमित क्षत्रीय एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट फनेन्द्र लोधी द्वारा आपदा आ जाने पर स्काउट गाइड कैसे तैयार रहते हैं उसका प्रदर्शन किया ।जिला शिक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किए। शिविर को सफल बनाने सत्य नारायण साहू जिला सचिव, रजनी रेड्डी, अनुज साहू, गौकरण पाटिल, हारुन अली, राधा वर्मा, मनोज साहू, वंदना, पूनम सलूजा,उमा साहू, तारामती साहू एवं सर्विस रोवर रेंजर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### कलेक्टर शर्मा भी हुए शामिल प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह

बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शिविर में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, ज़िला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू, डॉ. चुरामन साहू, सहायक संचालक एस. पी. कोशले और फत्ते साहू भी शामिल रहे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# केवाईसी में दिक्कत, तीन माह से पेंशन नहीं, खाने-पीने में हो रही परेशानी

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के गरीब, अशक्त, असहाय और दिव्यांग पेंशनरों को तीन माह से पेंशन नहीं मिली है। हर महीने पेंशन मिलने की आस में वे वार्ड में लगने वाले शिविर में अपना बैंक खाता लेकर उम्मीद के साथ जाते हैं कि उनके खाते में पेंशन की राशि आई होगी, पर बैंक के अधिकारी उन्हें ये कहकर बैरंग लौटा रहे कि उन्होंने केवाईसी नहीं कराई।

कुछ पेंशनर ऐसे भी हैं, जिनके हाथों की रेखाएं घिस जाने से फिंगरप्रिंट में दिक्कत आ रही है। चलने-फिरने में तकलीफ के बाद भी उन्हें केवाईसी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। यह स्थिति किसी एक वार्ड की नहीं, पूरे 70 वार्डों में है। निगम प्रशासन इस मामले में लापरवाह बना हुआ है।

**केस 1**

### तीन माह से खाते में पैसा नहीं

छत्तीसगढ़ नगर की 70 वर्षीया कृष्णाबाई साहू पति झड़ीराम साहू के खाते में 3 माह से पेंशन की राशि नहीं आई है। शिविर में जाकर पता किया तो बैंक वालों ने कहा कि उनके खाते में पैसा नहीं आया। बुजुर्ग महिला पेंशन के लिए बेहद परेशान है, बैंक वाले कुछ बता नहीं रहे कि पैसा कब तक आएगा। इससे उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। मामला केवायसी में फंसा बताया जा रहा।

### दस जोन के 70 वार्डों में कमोबेश यही स्थिति





*चार माह से नहीं मिली निराश्रित पेंशन : शहीद पंकज विक्रम वार्ड के छत्तीसगढ़ नगर रहवासी 65 वर्षीय रनिया बाई साहू के बैंक खाते में 4 माह से पेंशन की राशि नहीं आई। पेंशन नहीं मिलने से परेशान वृद्धा ने वार्ड पार्षद को अपनी परेशानी बताई। शिविर में बैंक वाले ये कहकर लौटा देते हैं कि अगले माह पेंशन की राशि आ जाएगी। निराश्रित पेंशन ही उनका सहारा है, पर इसके लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है।*

**केस 2**

### केवाईसी के लिए चक्कर

कालीमाता वार्ड के तरूण नगर निवासी छोटेलाल, रामू साहू, रमशिला बाई और शक्तिनगर की मथुरा पटेल पेंशन के लिए भटक रही हैं। इन हितग्राहियों को ये कहा जा रहा है कि केवाईसी नही हुई, इसलिए पैसा नहीं। केवाईसी के लिए इन्हें बैंक वाले के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। बैंक वाले आधारकार्ड और फोटो, बैंक खाते की फोटोकॉपी लेकर गए हैं, फिर भी भी खाते में पैसा नहीं आ रहा है।

### जोन कमिश्नर को जिम्मेदारी, शिविर लगेंगे

पेंशनरों के खाते में पेंशन नहीं आने की शिकायत मिली है। सामान्य सभा के प्रश्नकाल में पार्षद अमितेश भारद्वाज के प्रश्न लगाने पर मामला उठा था। विभागीय अधिकारी को तलब किया है। दस दिन के अंदर सभी वार्डों में निराश्रित, दिव्यांग, बुजुर्ग पेंशनरों के खाते की केवाईसी कराने शिविर लगाने की हिदायत दी गई है। जोन कमिश्नर को इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

- **प्रमोद दुबे**, सभापति, ननि रायपुर

## खबर संक्षेप



### माता के दर्शन करने पहुंचे विधायक, हुआ स्वागत

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी धरमपुरा जोरा स्थित मां दुर्गा के पंडाल में रविवार को पूर्व श्रम मंत्री और बैकुंठपुर के विधायक भैय्यालाल राजवाड़े पहुंचे। इसके बाद मातारानी की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूजा पंडाल के अध्यक्ष राजेश टंडन, माना मंडल भाजपा की प्रचार-प्रसार मंत्री ज्योति यादव, सचिव दीपा मानिकपुरी, आर. रजनी और कला सेन आदि शामिल रहे।

### शीतला मंदिर गोंदवारा में 118 ज्योति कलश की स्थापना



**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर संत कबीरदास वार्ड नंबर-3 स्थित आदिशक्ति जगतजननी मां शीतला मंदिर गोंदवारा में ज्योति कलश की स्थापना भक्तिभाव के साथ की गई है। नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है और पूरे नौ दिवस तक अलग-अलग दिन मातारानी के नौ रूपों की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं भक्त मातारानी से मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिए जंवारा और कलश भी मंदिरों में स्थापित करते है। इस वर्ष शीतला माता मंदिर गोंदवारा में 118 ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

### अजय बने कृषक नगर जन विकास समिति के अध्यक्ष

**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी जोरा स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को कृषक नगर जनविकास समिति की आमसभा हुई। इस बैठक में तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें समिति का अध्यक्ष अजय शर्मा और उपाध्यक्ष इंदू वर्मा को चुना गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आप सबके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने बताया कि आज हुई आमसभा की बैठक में जोरा स्थित प्रोफेसर कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के साथ ही साथ विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई। अन्य पदाधिकारियों में सचिव प्रफुल्ल कटरे, सहसचिव आशीष चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अभिलाष पॉल, उप कोषाध्यक्ष हिरेंद्र अग्रवाल, प्रचार सचिव नरेंद्र अग्रवाल के अलावा राधाकांत पांडेय, गणेशीलाल शर्मा, नवनीत राणा, मोनिका पुरोहित, शीला तिवारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।



### छत्तीसगढ़ में अब तक 1166.3 मिमी. औसत वर्षा

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1166.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 06 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2379.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## बस्तर के मरीज विशाखापट्टनम तो जशपुर के मरीज रांची के अस्पतालों की ओर

# छग बन रहा मेडिकल हब, फिर भी सुपर स्पेशलिटी के लिए एयर एंबुलेंस हर माह भर रहा चार उड़ानें

### हैदराबाद हार्ट की बीमारी, चेन्नई में लिवर के इलाज के लिए जाते हैं कई मरीज

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय के साथ निजी सेक्टरों में उपचार की सुविधाओं के विस्तार से छत्तीसगढ़ मेडिकल हब बनने की ओर अग्रसर है, मगर दस फीसदी मरीजों को अभी भी दूसरे राज्यों के अस्पतालों पर ज्यादा भरोसा है। बस्तर के मरीज विशाखापट्टनम और जशपुर के पेशेंट रांची के हास्पिटल जाकर इलाज कराना ज्यादा पसंद करते हैं। हृदय की बीमारियों के लिए हैदराबाद, कास्मेटिक सर्जरी के लिए पुणे और लिवर की बीमारी के इलाज के लिए चेन्नई के बड़े सेंटर पर मरीज ज्यादा भरोसा करते हैं। यहां से हर माह एयर एंबुलेंस तीन से चार दफा उड़ान भर रहा है। हास्पिटल सेक्टर से जुड़े सूत्रों का कहना है कि राज्य निर्माण के बाद प्रदेश में उपचार की सुविधाओं का काफी विस्तार हुआ है। वैसे तो यहां शासकीय और प्रायवेट सेक्टर मिलाकर सभी बीमारियों के उपचार की सुविधाएं मौजूद हैं, मगर इन्हें और बेहतर के साथ किफायती बनाने की आवश्यकता है, ताकि तमाम तरह की बीमारियों का इलाज मरीजों को स्थानीय रूप से प्रदेश में ही मिल सके। जानकार सूत्रों का यह भी दावा है कि दस साल पहले तक राज्य से विभिन्न बड़ी बीमारियों के मरीज इलाज के लिए मुंबई सहित अन्य महानगरों के अस्पताल पर निर्भर रहते थे, मगर अब इनकी संख्या काफी घट चुकी है। ज्यादा भरोसा और अधिक सुविधाओं की चाह में मरीज दूसरे राज्यों के अस्पतालों की ओर जाते हैं, इनमें से कई राज्य तो अपनी पहचान बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए संचालित बड़े सेंटर के रूप में बना चुके हैं।




### महीने में तीन से चार एयर एबुंलेंस

कॉर्पोरेट अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है, राज्य के विभिन्न निजी अस्पतालों के अनुबंध दूसरे राज्यों के सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों से हैं। इलाज के दौरान किसी तरह की आपात स्थिति अथवा मरीजों को उच्चतम स्तर के इलाज की आवश्यकता होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया जाता है। अनुमान के मुताबिक, राज्य में हर महीने तीन से चार बार एयर एबुंलेंस की मदद से मरीजों को दूसरे अस्पतालों तक भेजा जाता है।

### मुंबई जाने वाले कम हुए

*पहले कैंसर सहित अन्य तरह की बीमारियों के उपचार के लिए मरीज मुंबई का रास्ता पकड़ते थे, मगर अब इनकी संख्या कम हो चुकी है। अब धनाढ्य वर्ग के मरीज और कॉर्पोरेट अस्पतालों में ज्यादा सुविधा के साथ इलाज कराने वाले ही वहां जाना पसंद करते हैं। राज्य में इस बीमारी के उपचार की आधुनिक सुविधाएं निजी और शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध हो चुकी है।*

### दूरवर्ती इलाकों में ज्यादा जरूरत

हास्पिटल सेक्टर से जुड़े चिकित्सकों के अनुसार, बस्तर के मरीज स्थानीय सुविधाओं के अभाव में विशाखापट्टनम और सरगुजा संभाग के लिए रांची के अस्पताल का रूख करते हैं। दोनों सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय स्तर के सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल खोलने काम 80 फीसदी का तक पूरा हो चुका है। इसके बाद पड़ोसी राज्यों पर उन क्षेत्रों के मरीजों की उपचार की निर्भरता भी खत्म हो जाएगी।

### दूसरे राज्य जाने वाले पांच से दस फीसदी ही

राज्य में अब तमाम तरह की बीमारियों के उपचार की सुविधाएं मौजूद हैं। दूसरे राज्यों के हायर सेंटर में जाकर इलाज कराने वालों की संख्या पांच से दस फीसदी ही है। कुछ राज्य विशेष बीमारियों के बड़े सेंटरों की वजह से आकर्षण का केंद्र बनते हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में उपचार की सुविधा और बढ़ाने की आवश्यकता है।

- **डॉ. राकेश गुप्ता**, अध्यक्ष, आईएमए, रायपुर

# 841 करोड़ में होगी सड़कों की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- बिलासपुर और सरगुजा संभाग में सड़कों की स्थिति ज्यादा खराब

छत्तीसगढ़ में बारिश के बाद सड़कों की मरम्मत कराने का फरमान लोक निर्माण मंत्री ने जारी किया है। मंत्री के फरमान के बाद सभी संभागीय कार्यालयों द्वारा उन सड़कों का प्रस्ताव भेजा जा रहा है, जहां कार्य होना है। विभाग ने सड़कों के संधारण के लिए 841 करोड़ का प्रावधान किया है।

बारिश के कारण सरगुजा, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर सहित कई ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर गड्ढे नजर आ रहे हैं। अब बारिश खत्म होने के बाद विभाग ने युद्धस्तर पर काम शुरू कर नवंबर तक इसकी मरम्मत कराने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि संभागीय कार्यालयों के प्रस्ताव को स्वीकृति देने के बाद इसका कार्यादेश जारी करने की प्रकिया शुरू होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा उन सड़कों पर पहले ध्यान दिया जा रहा है, जो ज्यादा खराब हैं। इनमें बिलासपुर संभाग की अधिकांश सड़कें शामिल हैं। यहां पर शामिल सड़कों को लेकर जिलेवार जानकारी दी गई है। अधिक बारिश की वजह से जलजमाव के कारण ज्यादातर सड़कें खराब हुई हैं। ऐसी सड़कों की मरम्मत के समय पानी निकासी और ढलान सही कर ठीक करने का काम होगा। विधानसभा चुनाव के पहले कई सड़कों का डामरीकरण कर उन्हें नया किया गया था।

*सभी जोन में शुरू होंगे सुधार कार्य*

*शहर में बड़ी सड़कों का मेंटेनेंस पीडब्ल्यूडी के जिम्मे है। केनाल रोड के साथ ही राजधानी के विभिन्न इलाकों में पीडब्ल्यूडी ने सड़क बनाई है। हर साल बरसात के बाद सड़क के पेचवर्क पर करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। बरसात के दौरान कई सड़कों की ऊपरी परतें धुल गई हैं और जगह-जगह कंक्रीट व बारीक गिट्टी निकल आई है। तेज बारिश के दौरान छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं और इससे हादसे का खतरा भी बढ़ गया है।*

### 15 से शुरुआत, डेढ़ माह तक मरम्मत

बताया गया है कि सभी संभागों से सड़क मरम्मत कार्य के कार्यादेश 10 अक्टूबर तक जारी किए जाएंगे। कार्यादेश जारी होने के बाद 15 तारीख से काम शुरू किया जाएगा। डेढ़ माह चलने वाले काम के दौरान प्रदेशभर की सड़कों में पेचवर्क और अन्य कार्यों के मदद से बिगड़ी सड़क को ठीक किया जाएगा। बताया गया है कि आठ माह पहले, पूर्ववर्ती सरकार ने जिलों में शहर के अंदर के सड़कों का डामरीकरण कराया था। डामरीकरण के बाद कुछ सड़कें बारिश में उखड़ गई हैं, ऐसी सड़कों की मरम्मत की जानी है।

## 'हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान' लखनऊ के व्यंग्यकार अनूप को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान की ओर से व्यंग्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रखा गया। हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान लखनऊ के सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी को, छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान सुनील रामदास अग्रवाल तथा छत्तीसगढ़ साहित्य सम्मान लोक बाबू को दिया गया। छत्तीसगढ़ समाज सेवा सम्मान नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग को दिया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि निगम के सभापति प्रमोद दुबे, छग योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, छत्तीसगढ़ी विप्र समाज के अध्यक्ष विनय तिवारी तथा नई दिल्ली के प्रखर व्यंग्य आलोचक डॉ. रमेश तिवारी तथा हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान के अध्यक्ष व वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे मौजूद रहे। अनूप मणि त्रिपाठी ने अपना व्यंग्य 'सांपों की सभा' का पाठ कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन शुभ्रा ठाकुर ने किया।

इस दौरान वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे के व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र' पर चर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. रमेश तिवारी, रमेश सैनी और डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर ने व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र' की समीक्षा की। इस दौरान पुस्तक मेला आकर्षण का केंद्र रहा।

समारोह के दूसरे सत्र में 'आज का समय और हरिशंकर परसाई' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ व्यंग्यकार विनोद साव दुर्ग ने की।

## नहीं मिला सशस्त्र बल, आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा अब भी निहत्थे जवानों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कोलकाता मेडिकल कॉलेज कांड के बाद गरमाया मामला ठंडा पड़ा

कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के बाद आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए मांगा गया सशस्त्र बल अभी भी प्रक्रिया में अटका हुआ है। अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा अभी भी बिना लाठी वाले निजी एजेंसी के सुरक्षा जवानों के भरोसे है। आंबेडकर अस्पताल के अलावा डीके अस्पताल द्वारा भी 12 सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए प्रस्ताव भेजा गया था।

मामला गरमाने के बाद अस्पताल और कॉलेज प्रबंधन ने सुरक्षा संसाधनों को अपडेट करने की जरूरत बताई थी। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12-12 बंदूकधारी जवानों की ड्यूटी लगाने पर सहमति जताई गई थी। अस्पताल प्रबंधन से पुलिस विभाग को पत्र भेजने कहा गया था, जिसकी प्रक्रिया पूरी हुई, मगर समय बीतने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। आंबेडकर अस्पताल में सुरक्षा के साथ अन्य कार्यों की जिम्मेदारी अभी भी निजी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सुरक्षा गार्डों के भरोसे हैं। अस्पताल के संवेदनशील इलाकों में ड्यूटी करने के बजाय इनका ज्यादातर उपयोग गेट और ओपीडी में हो रहा है। अस्पतालों में सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की योजना भी थी, मगर इस पर भी काम शुरू नहीं हो पाया है। डीके अस्पताल में भी सशस्त्र बल की तैनाती के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, मगर वहां भी निजी कंपनी के गार्ड ही सुरक्षा का काम संभाल रहे हैं।



### रास्तों का भी वही हाल

आंबेडकर अस्पताल के पिछले हिस्से में बनाए गए छात्रावास तक पहुंच के लिए सुगम रास्ता बनाने हिदायत दी गई थी। महीनेभर बाद भी उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है और रात के बाद उस इलाके में चिकित्सकों की आवाजाही अंधेरे भरे रास्ते से हो रही है। वहां सुरक्षा गार्डों की उपस्थिति दिन के बाद दिखाई नहीं पड़ रही है।

### आंबेडकर में 170, डीके में 82 सुरक्षा गार्ड

आंबेडकर अस्पताल में कुल 170 निजी एजेंसी के सुरक्षा जवान तैनात हैं। इसी तरह डीके अस्पताल में इनकी संख्या 82 है। सुरक्षा गार्ड तीन शिफ्ट के हिसाब से अपनी ड्यूटी पूरी करते हैं। इन जवानों को सुरक्षा के लिए आवश्यक ट्रेनिंग देने की योजना थी, जो अभी भी अधूरी है।

## सच्चियाय माता की शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**रायपुर।** श्री सच्चियाय माता सेवक संघ द्वारा रविवार को श्री सच्चियाय माता कुलदेवी (ओसियां) की भव्य शोभायात्रा मंडी गेट पंडरी स्थित मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा का समापन गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर में किया गया। इसके बाद सामूहिक पूजा कर महाआरती की गई। इस संबंध में समिति के सदस्य राजकुमार राठी और राजेंद्र बैद ने बताया कि महाआरती के बाद माता को 56 भोग अर्पित किए गए। शाम को रास गरबा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जहां माता के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सूरत एवं दिल्ली के कलाकार नीलेश बाफना एवं पुलकित खटेड द्वारा श्री सच्चियाय माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। श्री सच्चियाय माता ओसवाल समाज, माहेश्वरी समाज सहित अनेक समाज की कुलदेवी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र बैद, मनीष समदड़िया, जयकिशन मोहता, पवन करणानी, सुभाष कोठारी, नरेंद्र पारख, मनीष सिंघी, संजय बैद, उमेद बैद, कमलेश चोपड़ा, पवन मोहता, रंजू बैद सहित माता के हजारों भक्तों का विशेष योगदान रहा।

### आम जनता से जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए न्याय यात्रा की जाएगी

# बैज ने दिए संकेत- जहां कांग्रेस कमजोर, वहां जारी रहेगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार आगजनी कांड, कवर्धा के लोहारीडीह मामले और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर 125 किमी न्याय यात्रा की सफलता के बाद कांग्रेस कमेटी अब दूसरी जगहों से ऐसी यात्रा शुरू करने के संबंध में रणनीति तैयार कर रही है। कांग्रेस का फोकस ऐसी जगहों पर होगा, जहां कांग्रेस पिछड़ गई है। वहां पर ऐसे मुद्दे, जिन पर सरकार को घेरा जा सके, इसकी पूरी जानकारी जुटाने के बाद आने वाले दिनों में बस्तर, सरगुजा और अन्य संभागों से ऐसी यात्रा शुरू की जाएगी। फिलहाल अभी निकाय और पंचायत चुनाव पर पार्टी का फोकस रहेगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति पर कांग्रेस का फोकस अधिक रहा। ऐसी घटनाएं भी इस दौरान हुई कि कांग्रेस को इसका लाभ मिला। विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस सरकार का लगातार घेरने का प्रयास कर रही है। यहां पर महिलाओं के साथ अनाचार की घटनाओं के साथ ही बेरोजगारी और अन्य मामलों को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। अब सरकार के एक साल के कार्यकाल की समीक्षा के बाद कांग्रेस अपनी रणनीति को मूर्त रूप देगी। आम जनता से पार्टी के जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए न्याय यात्रा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने साफ कहा है कि कांग्रेस की न्याय यात्रा का समापन नहीं हुआ है, बल्कि अभी विराम लगा है। आगे भी ये यात्रा प्रदेश की दूसरी जगहों पर जारी रहेगी। पार्टी जनता से जुड़े मामलों को सड़क की लड़ाई के माध्यम से जनता तक पहुंचाने के प्रयास में है।

### नई नियुक्ति के बाद तय करेंगे टारगेट

*प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को एआईसीसी ने निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए नई नियुक्तियां की जाएं और निष्क्रिय लोगों को हटाकर सक्रिय लोगों को रखा जाए। पीसीसी ने अपनी सूची से हाईकमान को अवगत कराया है। आने वाले दिनों में इसके जारी होने की संभावना है। नई नियुक्ति के बाद नए सिरे से उन्हें टारगेट देकर अपने क्षेत्र की समस्याओं और घटनाओं के संबंध में पूरी जानकारी लेने के बाद वहां पर सड़क की लड़ाई लड़ने यात्राओं के लिए जिलास्तर पर आयोजन होगा। बड़े नेताओं को इसमें भाग लेने के अलावा स्थानीय लोगों को जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।*

### एकजुटता का प्रयास

विधानसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान यह सामने आई कि आपसी समन्वय न होने के कारण चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। प्रदेश प्रभारी ने उसके बाद प्रदेश कांग्रेस नेताओं को एकजुट करने की रणनीति तैयार की है। रणनीति के तहत अब सभी संभागों में इस तरह के आयोजन होंगे। अब उन सभी संभागों को लेकर प्रभारी सचिवों के माध्यम से किन-किन मुद्दों पर यात्रा की जाए, इसे स्थानीय और प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक में तय किया जाएगा। प्रभारियों को उसके अनुसार जिलों की अलग-अलग विधानसभा का प्रभार दिया गया है।

## हादसे में कट गए दोनों पैर, सरकार ने इलाज के लिए मंजूर किए दस लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की संवेदनशीलता के चलते युवक की जान बच गई। सड़क हादसे में युवक का दोनों पैर कट गए थे। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से मिली राशि से 80 दिन तक उसका निजी अस्पताल में उपचार हो पाया।

सड़क हादसे में 25 साल का शिराज हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसके दोनों पैर काटने पड़ गए। 90 फीसदी संक्रमण से ग्रसित शिराज के परिजनों ने इलाज के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने परिजनों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के लिए आवेदन करने की सलाह दी थी। स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर दस लाख रुपए की राशि इलाज के लिए मंजूर हुई और शिराज का इलाज राजधानी के निजी अस्पताल में संभव हो पाया।



- मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से संभव हो पाया 80 दिन का उपचार

शिराज का इलाज 80 दिन तक चला, इस दौरान इंपटेशन ग्राफ्टिंग डिब्राइटमेंट फ्लेप की दो बार सर्जरी हुई।

**छह महीने पहले हुई थी शादी :** कोंडागांव निवासी शिराज का विवाह छह माह पहले रायपुर में हुआ था। 5 जुलाई को हादसे के दिन वह बाइक से रायपुर आ रहा था। अभनपुर के पास ट्रक की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे में गंभीर स्थिति के दौरान परिजनों ने उसके बचने की आस छोड़ दी थी। विशेष सहायता से मिली मदद के बाद ही उसका इलाज संभव हो पाया।

# छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में दाई के दुवारी में पूजा, संस्कृति को बढ़ावा देने गरबा की तर्ज पर अब सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में जहां दूसरे राज्यों के कलाकारों के माध्यम से माता का दरबार सजाने का चलन है। वहीं डीडीनगर स्थित गोल चौक के पास इस बार की नवरात्रि को लोक संस्कृति से जोड़ने की पहल स्व. नारायण प्रसाद कौशिक स्मृति में सांस्कृतिक परिपालन मंच छत्तीसगढ़ ने शुरू की है। मंच ने माता को छत्तीसगढ़ महतारी के स्वरूप में स्थापित किया है। उनके पंडाल को दाई के दुवारी नाम दिया है। माता के स्वरूप को भी पारंपरिक परिवेश और पहनावे से जोड़ा है। भक्तों ने पहली बार इस तरह का प्रयोग लोक संस्कृति को बचाने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया है। इस पहल को पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी कल्चर से जोड़ा है। यहां दाई के दुवारी परिसर में गरबा की तर्ज पर सुआ, कर्मा व पंथी नृत्य से नई पहचान देने का प्रयास किया जा रहा है।




## राजधानी के डीडीनगर स्थित गोल चौक के पास अनूठी पहल

### महिलाएं संभाल रही हैं कमान

छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने की मंशा से इस तरह का प्रयोग किया गया है। इसे लोगों द्वारा भी खूब पसंद किया जा रहा है। इस आयोजन की खास बात ये भी है कि जहां पूजा की जिम्मेदारी पुरुषों के पास है, वहीं गरबा की तर्ज पर शुरू किए गए सुआ, कर्मा और पंथी नृत्य में अलग-अलग क्षेत्र से महिलाओं की टोली भी शिरकत करने के लिए पहुंच रही है। रोज रात 9 से 11 बजे तक होने नृत्य की श्रृंखला सजाने में एक दर्जन से ज्यादा महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं। रोज होने वाले जसगीत की कमान महिलाएं संभाल रही हैं।



### पारंपरिक पहनावे में देते हैं एंट्री

मंच के लोगों ने गरबा की जगह कर्मा व पंथी नृत्य को प्रमोट करने के साथ ही इसमें शिरकत करने वालों के लिए पारंपरिक पहनावे को प्राथमिकता में रखा है। जो लोग गरबा ड्रेस में पहुंच रहे, उन्हें नृत्य स्थल में एंट्री नहीं दी जाती। पहली बार हो रही इस पहल को हर वर्ग के लोगों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। वहीं रायपुरा, भनपुरी, लाखेनगर, डीडीनगर से महिलाओं की टोली इसमें शिरकत करने रुचि ले रही हैं। इसे देखते हुए महिलाएं ही नृत्य स्थल की कमान संभाल रही हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न पैदा होने पाए।

### बिखरी लोक संस्कृति की छटा

दाई के दुवारी की एक झलक पाने के लिए आसपास के श्रद्धालु भी पंडाल में पहुंचने लगे हैं। मंच की सदस्य रिचा वर्मा ने बताया कि जसगीत के बाद माता के दरबार में गरबा की तर्ज पर सुआ, कर्मा व पंथी नृत्य के लिए महिलाओं और पुरुषों की टोली भी पहुंच रही है। पहली बार स्व. कौशिक की स्मृति में आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव को भूपेंद्र कौशिक भी सहयोग दे रहे हैं। पहली बार किए जा रहे आयोजन को लोगों से भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि इसे पूरी तरह से लोक संस्कृति के अनुरूप रखा है।

## खबर संक्षेप

### स्पर्धा में डिप्टी सीएम के साथ शामिल हुए परमवीर



रायपुर। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ परमवीर पुलिस लाइन में हो रही प्रतियोगिता में शामिल हुए।

### संत कंवरराम साहेब का 40वां वर्सी महोत्सव 25 से

**रायपुर।** संत कंवरराम साहब का 40वां बरसी महोत्सव समता कॉलोनी माता सावित्री देवी बाबा हरिशचंद्र दरबार में धूमधाम से मनाया जाएगा। दरबार के सेवादार प्रेमप्रकाश मध्यानी ने बताया कि 25 अक्टूबर को अखंड पाठ साहब आरंभ सुबह 12 बजे, भोग साहब 27 अक्टूबर दोपहर 12 बजे के बाद आम लंगर होगा, 25 एवं 26 रात्रि कटारिया ब्रदर्स, मास्टर सक्षम एवं कुंदन भगत बिलासपुर का सत्संग कार्यक्रम होगा। शनिवार रात्रि 9 बजे साधु भोज होगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने कटनी, भोपाल, बिलासपुर, विदिशा, गोंदिया से भी श्रद्धालु आएंगे।



### डोंगरगढ़ के लिए निःशुल्क बस सेवा डॉ. रमन ने दिखाई हरी झंडी

**रायपुर।** मां कालीमाता अन्नदान भण्डारी समिति द्वारा विगत 8 वर्षों से शहर के प्रबुद्धजनों को पारिवारिक माहौल में निशुल्क डोंगरगढ़ यात्रा के माध्यम से मां बम्लेश्वरी के दर्शन कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नवरात्रि पर्व के चौथे दिन रविवार को आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने चारों यात्री बसों को झंडी दिखाकर डोंगरगढ़ रवाना किया। समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज पोल्ले ने बताया कि बसों को रवाना करने के पूर्व डॉ. रमन ने सर्वप्रथम आकाशवाणी चौक स्थित मां काली के दर्शन किए। इसके बाद भक्तों से भेंट कर कहा कि मां बम्लेश्वरी आप सभी की मनोकामना पूर्ण करें और हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अमन-चैन के साथ-साथ खुशहाली बनी रहे। डॉ. सिंह ने इस पुनीत कार्य के लिए समिति की बेहद प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में श्रीचंद सुंदरानी, बसंत अग्रवाल, रमेश मिरघानी, सुनील जग्गी, संतोष शुक्ला, संदीप परिहार, गुरमीत सिंह टोनी, जगजीत सिंह, शंकर गुप्ता, पप्पू सलूजा, धीरज जोधानी, रोहित भारद्वाज, आकाश साहू, महेश माखीजा, मोहन धीवर, प्रशांत ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### रोहित ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का लिया जायजा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नए अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कार्यभार संभालने के दूसरे दिन स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का अवलोकन किया तथा उत्पादन, पारेषण, वितरण तीनों कंपनियों की पृथक-पृथक परिचयात्मक बैठक ली। डॉ. यादव को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद ऊर्जा विभाग का सचिव बनाया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज का अतिरिक्त प्रभार सौंपते हुए अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

# 90 कंप्यूटर ऑपरेटरों ने किया रक्तदान अनशन पर बैठे बीएड-डीएड अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के आव्हान पर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने रविवार को रक्तदान कर शासन को अपनी 2 सूत्रीय मांगों के प्रति ध्यान आकर्षित कराया। धरनास्थल लगाए गए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 90 हड़ताली ऑपरेटरों ने रक्तदान महादान अभियान, थैलेसीमिया और ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान की पहल की। वहीं छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेशभर से जुटे प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने प्रदेश में 33 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

- शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की मांग कर रहे प्रशिक्षित अभ्यर्थी

### धरनास्थल पर शिविर, किया रक्तदान



7 माह से वेतन की बाट जोह रहे प्रदेशभर के 2739 धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर रविवार को धरनास्थल पर जरूरतमंदों को जीवन दान देने रक्तदान करने आगे आए। थैलेसीमिया और ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान के लिए लगाए गए शिविर में 90 कंप्यूटर ऑपरेटरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर शासन से विभाग तय करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने हरिभूमि को बताया कि हड़ताल के 19 वें दिन धरना स्थल पर रक्तदान कर हमने अपनी बात शासन तक पहुंचाई है। 17 साल बाद भी हमारा विभाग तय नहीं किया गया है, जबकि 8 सरकारी विभागों का सालों से डाटा एंट्री आपरेटर काम करते आ रहे हैं। दूसरी मांग ये है कि शासन के वित्त निर्देश में जारी 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ अभी तक धान खरीदी डाटा एंट्री आपरेटरों को नही मिला है। यह लाभ जल्द दिलवाया जाए।

### 7 सूत्रीय मांगें, डीएड-बीएड प्रशिक्षितों का धरना




छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के बैनर तले प्रदेशभर के प्रशिक्षित अभ्यर्थी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर बेमियादी धरने पर बैठे हैं। इनकी प्रमुख मांग है कि प्रदेश में शिक्षकों के रिक्त 33 हजार पदों पर शीघ्र भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जाए। रविवार को रायपुर जिले के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी धरने पर बैठे। इसके साथ ही संघ के अध्यक्ष दाऊद खान और रायपुर जिले के अभ्यर्थी सुनील पटेल आमरण अनशन पर बैठे। आंदोलनकारियों ने शासन को चेतावनी दी है कि 12 अक्टूबर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 13 अक्टूबर को प्रदेशभर के धान खरीदी डाटा एंट्री ऑपरेटर जगदलपुर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध जताएंगे।

## ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस 20 दिसंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल में तीन दिवसीय 20 से 22 दिसंबर तक ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस बार रायपुर में आयोजित कॉन्फ्रेंस की थीम 'राष्ट्रीय मूल्यः अंतर्राष्ट्रीय दक्षताएं-जनसंपर्क की भूमिका' होगी। इस मौके पर पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया, रायपुर चैप्टर के चेयरमैन डॉ. शाहिद अली ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में अलग-अलग मुद्दों पर केंद्रित व्याख्यानों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें संस्कृति, जनसंपर्क, मीडिया स्किल डेवलपमेंट, जनसंचार, एथिक्स, इमर्जिंग इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रेपुटेशन, आत्मनिर्भर भारत आदि मुद्दे शामिल होंगे। कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए जनसंपर्क एवं संचार प्रतिनिधि, सरकारी कर्मचारी, आईटी सीएसआर एंड मार्केटिंग एक्सपर्ट्स, अकादमी, एडवरटाइजिंग एक्सपर्ट्स, पत्रकार, स्वसहायता समूह, मास कम्युनिकेशन, पीआर स्टूडेंट, डिजिटल मीडिया प्रोफेशनल्स आदि शामिल हो सकते हैं।



- 'राष्ट्रीय मूल्य : अंतर्राष्ट्रीय दक्षताएं-जनसंपर्क की भूमिका' पर होगा विमर्श

### कई श्रेणियों में दिए जाएंगे अवार्ड

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पीआरएसआई नेशनल अवार्ड विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे। इनमें हाउस जर्नल (हिंदी), हाउस जनरल (इंग्लिश), न्यूजलेटर (इंग्लिश) न्यूज लेटर (हिंदी), ई-न्यूज लेटर, स्पेशल प्रेस्टीज पब्लिकेशन, कॉफी टेबल बुक, सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट, एनुअल रिपोर्ट, वेस्ट कम्युनिकेशन कंपैन (इंटरनल पब्लिक), वेस्ट कम्युनिकेशन कंपैन (एक्सटरनल पब्लिक), कॉर्पोरेट वेबसाइट, वेस्ट यूस ऑफ सोशल मीडिया इन ए कॉरपोरेट कैंपेन, पब्लिक रिलेशंस इन एक्शन (केस स्टडी) मोस्ट इंप्रेसिव इवेंट मैनेजमेंट तथा वेस्ट पब्लिक अवेयरनेस प्रोग्राम, कॉर्पोरेट फिल्म (हिंदी), कॉरपोरेट फिल्म (इंग्लिश), सोशल मीडिया फार पीआर एंड ब्रांडिंग आदि श्रेणियों में नेशनल अवार्ड दिए जाएंगे।

## पेज 9 के शेष

### सभी हितग्राहियों को योजनाओं ...

भी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बैठक में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, अध्यक्ष ज़िला पंचायत सुनीता साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित सीईओ,ज़िला पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### काम में कोताही बर्दाश्त ...

में जाकर बारीकी से कामों का निरीक्षण करें। गुणवत्ता और समय सीमा का ध्यान रखें। उन्होंने जोर देकर कहा कि काम में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह अधिकारियों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के फ़ोन नहीं उठाने की शिकायत पर कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के फ़ोन अवश्य रिसीव करें। किसी कारणवश ना उठा पाएं, तो बाद में संबंधित को फोन लगाकर बात अवश्य करें।

### रजिस्ट्री शून्य कर, खरीदी-बिक्री करने ..

सनातन धर्म के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिला कांग्रेस कमेटी ने उक्त रजिस्ट्री को तत्काल शून्य कर, भूमि को श्री रामचंद्र जी मूर्ति मंदिर मजगांव के नाम हस्तांतरित की जाए तथा उक्त समिति का नया ट्रस्ट बनाकर संचालन किया जाए। इसके साथ ही गलत तरीके से भूमि की खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। इसके साथ ही उक्त प्रकरण में दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर भी विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। कार्रवाई नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, जोगिंदर छाबड़ा, अवनीश राघव, टीआर जनार्दन, शशि प्रभा गायकवाड़, प्रवीण शर्मा, प्रांजल तिवारी, सनधर दीवान, जावेद खान, शत्रुघ्न साहू, बहल वर्मा सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल रहे।

## तालाबों का अस्तित्व बचाने किया परिचर्चा का आयोजन

**रायपुर।** ग्रीन समिट-2024 के वेटलैंड रेस्टोरेशन अर्बन ग्रीनिंग लैंडस्केप (आर्द्रभूमि संरक्षण और हरित नगरीय क्षेत्र) कैसे हों, विषय पर परिचर्चा का का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज चिंतक व पर्यावरण के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य करने वाले प्रभात मिश्र ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में तालाबों का अस्तित्व सीवरेज के पानी से खतरे में है एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे ट्यूबवेल के बेतरतीब कार्य करने से भूमिगत जलस्तर अस्तित्व को लेकर संकट में है। भूमिगत जल हजारों वर्षों की प्रक्रिया के बाद बनता है, इसका दोहन होना चाहिए न कि शोषण। नगरीय क्षेत्रों के तालाबों में प्रदूषित जल को छोड़े जाने से पूर्व उपचारित किया जाना चाहिए एसटीपी बनाकर, तब कहीं जाकर हमारे ये तालाब सुरक्षित रह पाएंगे। इस परिचर्चा में अरावली पर्वत श्रृंखला के लिए कार्य करने वाले विजय धसमाना, असम से डॉ. शांतनु दत्ता, सदस्य सचिव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड असम सरकार, समीर बाजपेई एनआईटी, डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति रविशंकर विश्वविद्यालय, डॉ. एमएल नायक, सुनीता चंसोरिया, वरप्रसाद कोला की उपस्थिति रही।



## कीर्तन-हवन के साथ मनाया आत्म साक्षात्कार दिवस



**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित आश्रम में आत्म साक्षात्कार दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सामूहिक हवन, मानस पूजन, भजन कीर्तन के साथ सत्संग-श्रवण का लाभ श्रद्धालुओं ने उठाया। इसके साथ ही गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। इस आयोजन में रायपुर सहित प्रदेशभर के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर आश्रम परिसर में आम भण्डारे का आयोजन किया गया। आत्म साक्षात्कार दिवस के कार्यक्रम में ओंकारा नंद ने इस दिवस की विशेषता बताते हुए कहा कि ''मनुष्य जन्म का वास्तविक उद्देश्य है आत्मा का ज्ञान पाना, आत्मसुख पाना। सद्गुरु वशिष्ठजी से यही आत्मज्ञान भगवान रामचंद्रजी ने पाया था। गीता का यही ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण से पाकर अर्जुन धन्य हुए थे।

## बिरेतरा में चिकित्सकों ने जांची ग्रामीणों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम बिरेतरा में शासकीय आयुर्वेद औषधालय बिरेतरा के आयुर्वेद चिकित्सा दल द्वारा निःशुल्क मासिक स्वास्थ्य शिविर एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी बालोद के मार्गदर्शन में आयुष ग्राम योजना अंतर्गत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव, ग्राम पंचायत बिरेतरा सरपंच दुर्गा शोरी, ग्राम प्रमुख चुनु राम साहू, अरुण साहू, सुखित यादव, अजय साहू ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय चंद्रवंशी, आयुर्वेद फार्मासिस्ट दुलार दास, पीटीएस. चंदू यादव और पोखन लाल का सहयोग रहा।




## मानसून विदाई की तरफ, बारिश थमी, बिजली की खपत बढ़ी, फिर चलने लगे एसी-कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून अब विदाई के रास्ते पर है। ऐसे में बारिश का क्रम अब लगभग थम-सा गया है। ऐसे में उमस बढ़ गई है और पारा भी चढ़ने लगा है। बारिश के कारण जो खपत कम होकर चार हजार मेगावाट के आसपास हो रही थी, वह अब छह हजार के करीब पहुंच गई है, यानी खपत में करीब दो हजार मेगावाट का इजाफा हो गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि बारिश न होने के कारण उमस की वजह से एसी और कूलर फिर से चलने लगे हैं। इस समय छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी के एक संयंत्र के खराब होने के कारण अपना उत्पादन भी कम हो रहा है। अपना उत्पादन इस समय दो हजार मेगावाट के आसपास ही है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेकर पूर्ति की जा रही है।



मानसून में लगातार बारिश होने के कारण मौसम ठंडा होने से प्रदेशभर में एसी और कूलरों का चलना बंद तो नहीं हुआ था, लेकिन 90 फीसदी तक कूलर एसी नहीं चल रहे थे। इसकी वजह से खपत का ग्राफ गिर गया था। इसी के साथ कृषि पंप भी बहुत कम चल रहे थे। जुलाई के अंतिम सप्ताह से स्टील उद्योगों के आंदोलन के कारण उद्योग बंद रहने से भी खपत पर फर्क पड़ा था। ऐसे में बिजली की खपत 58 सौ मेगावाट से घटकर 35 सौ मेगावाट पर आ गई थी, लेकिन अगस्त से उद्योगों के वापस चलने के कारण खपत में इजाफा हुआ। इसके बाद भी मानसून के कारण खपत चार हजार से साढ़े हजार मेगावाट तक ही जा रही थी। ज्यादा बारिश होने पर खपत चार हजार मेगावाट के आसपास ही जा रही थी। कम बारिश होने पर उमस के कारण खपत में इजाफा हो रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी की उत्पादन क्षमता 2980 मेगावाट है, लेकिन इस समय उत्पादन महज दो हजार मेगावाट हो रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट की इकाई बंद है। इसी के साथ उत्पादन यूनिटों की जितनी क्षमता है, उत्पादन उससे कम हो रहा है।



## खबर संक्षेप



### देवी मंदिरों में पहुंचे पूर्व मंत्री ताम्रध्वज

**अंडा।** प्रदेश व दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सुख शांति के लिए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर सोमवार को मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम रसमड़ा स्तिथ झांपी डोंगरी मंदिर में पूजा की, उसके बाद ग्राम गनियारी में दुर्गा पंडाल पहुँच कर आशीर्वाद लिया। साथ ही नगर निगम रिसाली के विभिन्न पंडालों में पहुंचकर पूजा में शामिल हुए। इस अवसर जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव, जनपद सदस्य अजय वैष्णव, सरपंच ममता भागवत साहू, लाल जी गुप्ता, रोहित साहू, परमानद साहू सहित मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बोरई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ग्राम बोरई में नवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री चन्द्राकर ने माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। साथ ही विधायक चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, 'लोकरंग' अर्जुंदा, जिला बालोद की अनुपम प्रस्तुति का आनंद लिया। इस अवसर पर ओमेश्वर राजू यादव, अंजोरा मण्डल अध्यक्ष गिरेश साहू, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, सरपंच पद्मा टीकम साहू, पूर्व सरपंच रिवेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।
शासकीय विद्यालय सिर्री में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित
गुण्डरदेही। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री में ग्रामीण महेन्द्र यादव, हेमंत यादव, महेश यादव, मनोज यादव ने अपने पिता मनराखन यादव की स्मृति में नवनिर्मित मंदिर में माँ सरस्वती मूर्ति स्थापना की।

### प्राथमिक शाला हथौद में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित

**बालोद।** पंचमी के अवसर पर सोमवार को प्राथमिक शाला हथौद में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक, मनोज कुमार ठाकुर, किरण देवांगन, दुलेश खुश्र्याम, तिजाउ राम यादव सहित ग्रामवासी और छात्र—छात्राएं उपस्थित थे।

### नोटिस की अनदेखी की तो कटेगा नल कनेक्शन

**दुर्ग।** आयुक्त ने निगम की आर्थिक स्थिति सुधार करने 120 कर्मचारियों को मैदान में उतार दिया है। यह वसूली अभियान पूरा अक्टूबर माह तक चलेगा। अभियान क्रियान्वयन हेतु दुर्गेश गुप्ता राजस्व अधिकारी को नोडल बनाया गया है। अभियान में नया मोड़ की शुरुवात सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर द्वारा 7500 करदाताओं को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत नोटिस जारी करने से हुई। जिसके तहत 7 दिवस के भीतर टैक्स जमा करने नोटिस जारी हुआ है। अगर नोटिस के बाद भी टैक्स का भुगतान नही होता है तो, नगर निगम द्वारा 10 प्लम्बरों की टीम बनाने की योजना बनाई है जो नल कनेक्शन काटने का कार्य करेंगे। बता दें कि इतनी बड़ी मात्रा में नोटिस बांटने का कार्य निगम में पहली बार हो रहा है। अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए टैक्स भुगतान करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नही है।

### डामरीकरण कार्य का विधायक-महापौर ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग।** विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल की पहल से जिला हॉस्पिटल परिसर में 15वे वित्त मद से बारह लाख तिरपन हजार रूपये लागत से सड़क को डामरीकरण करने भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन पश्चात डामरीकरण का कार्य तत्काल शुरू भी कराया गया। जिला हॉस्पिटल की सड़क काफ़ी खऱाब हो गईं है। जिला हॉस्पिटल परिसर में लोगो का आना जाना लगा रहता है। शहर और जिले क्षेत्र के नागरिकों को जिला हॉस्पिटल में ईलाज के लिए आने वाले मरीज के वाहन तथा एम्बुलेंस को आने में समस्या हो जाती थी।

**पर्व : जिला मुख्यालय से लेकर गांव-गांव में धूमधाम से मनाई जा रही नवरात्रि**

# शक्ति की भक्ति में डूबा अंचल, गूंज रहे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व की धूम मची हुई है। माता शक्ति की उपासना का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जहां मां महामाया सिद्ध पीठ मंदिर समिति के पंडा पुनीत साहू, अशोक साहू सुरेश निर्मलकर ने बताया कि इस साल मां महामाया मंदिर के दरबार में विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त पर 149 भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई हैं। मां महामाया के दर्शन करने के लिए आसपास के साथ-साथ दूर-दूर से भक्ति आस्था और विश्वास के साथ दर्शन के लिए आ रहे हैं। माता की आराधना से भक्तों के कार्य सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व पर माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। साथ ही सुबह से ही मां के जयकारे मंदिरों में गूंज रहे हैं। देवी मंदिर भजनों से गूंज रहा है। इसके अलावा गांव में जगह-जगह में अलग-अलग स्वरूपों में बने पंडालों में माता की मूर्तियों को विधि विधान से विराजित किया गया है। बता दें कि नवरात्रि का पर्व 3 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है, जो 11 अक्टूबर तक चलेगा। नवरात्रि के अवसर पर पूरा अंचल इन दिनों मैया की भक्ति में डूबा हुआ है।

- मां महामाया सिद्ध पीठ मंदिर में जगमगा रही 149 ज्योति





### मानपुर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई जा रही नवरात्रि

**बेमेतरा।** नगर बेमेतरा के वार्ड नंबर 2 मानपुर पारा में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां स्थित मां महामाया मंदिर में 32 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई हैं। यहां प्रतिदिन अनेक महिला एवं पुरुष सेवा मंडलियां आकर माता सेवा गाकर माता की महिमा का बखान कर रही हैं। पारंपरिक मांदर की धुन पर सेवागीत सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध कर रहे हैं। वहीं, प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं और अपनी सुख समृद्धि के लिए माता से मनोकामना कर रहे हैं। पंडाल में प्रतिदिन ग्राम बोड़तरा, मोहतरा ,करचुवा,पिकरी एवं बेमेतरा की महिला एवं पुरुष जय महामाया सेवा मंडली द्वारा जसगीत की देर रात्रि तक प्रस्तुति दी जा रही है। समिति के संरक्षक एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष व पार्षद पंचू साहू, अनिल रजक, मोहन साहू, अशोक साहू, कोमल यादव, बलराम साहू, धरमू वर्मा, तारण वर्मा, महेश सिन्हा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सेवा जस गीत मंडली सम्मिलित रहे।

## शौर्य बने नटखट कान्हा, तृषा को भोली राधा का खिताब





**बेमेतरा।** एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में पारंपरिक गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। मी एंड मॉम थीम पर आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच विशेष जुड़ाव को दर्शाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर विद्यालय की संचालिका भावना बोहरा, विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी एवं उपस्थित अभिभावकों ने किया। कार्यक्रम में 2500 से अधिक अभिभावक और विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण 'नटखट कान्हा' और 'भोली राधा' रहे, जिनकी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पूरा विद्यालय प्रांगण रोशनी और उल्लास से भरा हुआ था।हर किसी ने गरबा गीतों और संगीत पर शानदार प्रदर्शन किया।

- एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में गरबा महोत्सव पर दिखा गजब का उत्साह

कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। मी एंड मॉम में एकस खुराना और उनकी माँ नैन्सी खुराना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पीहू ठाकुर और उनकी माँ सीता ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहीं। बेस्ट गरबा परफॉर्मेंस में गुरलीन कौर और उनकी माँ प्रबलीन कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि समृद्धि गुप्ता और उनकी माँ सुनीता गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं। बेस्ट गरबा कॉस्ट्यूम गुरनूर सलूजा और उनकी माँ हरप्रीत सलूजा ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सार्थक गुप्ता और उनकी माँ सौम्या गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं। नटखट कान्हा के रूप में शौर्य वर्धन राघव और भोली राधा के रूप में तृशा माहेश्वरी को सम्मानित किया गया। फेस ऑफ द इवनिंग का पुरस्कार मदर श्रेणी में दीप्ति गुंबर और गर्ल श्रेणी में चाहत जैन ने जीता।

### नारी शक्ति के सम्मान का संदेश

विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, कि यह उत्सव न सिर्फ धार्मिक उल्लास का प्रतीक है, बल्कि यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की विविधता और उसकी एकता को प्रकट करता है। हम सभी को इस आयोजन से प्रेरणा लेकर समाज में नारी शक्ति का सम्मान और समानता का संदेश देता है।

### भारतीय संस्कारों से परिचित कराने का प्रयास

विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से हम बच्चों और अभिभावकों के बीच एक अनूठा संबंध स्थापित करने का प्रयास करते हैं। हमारा उद्देश्य न केवल शैक्षणिक उन्नति है, बल्कि हमारे बच्चों को भारतीय संस्कारों और मूल्यों से भी परिचित कराना है। मैं सभी अभिभावकों को उनके बच्चों के प्रति इस स्नेह और सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूँ।

# युवा संसद कार्यशाला में निखरीं प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



सिंघरौर कुर्मी समाज और भारतवर्ष युवा सम्मलेन 2024 (युवा संसद एवं प्रतिरुप संयुक्त राष्ट्र) की टीम का रविवार को जिला मुख्यालय स्थित कुर्मी भवन में युवा संसद कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतवर्ष युवा सम्मलेन की टीम द्वारा युवा संसद जैसे शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर पहली बार बेमेतरा जिले में हो रहा है, जो बेमेतरा के युवाओं के लिए एक बड़ा सुनहरा अवसर होगा। इसके माध्यम से वे संसदीय प्रक्रिया के बारे में सीखेंगे, विभिन्न कलाओं जैसे वाद-विवाद, सामूहिक चर्चा, रिसर्च, पब्लिक स्पीकिंग आदि कलाओं के साथ-साथ अपना सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास कर सकेंगे। इस आयोजन से पहले बेमेतरा के युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए युवा संसद कार्यशाला का आयोजन सिंघरौर कूर्मि भवन, बेमेतरा में किया गया। मीडिया प्रभारी राजा वर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ विधानसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बहुत सारे संस्थानों के युवाओं ने मिलकर पर्यावरण, सतत विकास, नशा, अपराध आदि जैसी समाजिक समस्याओं पर चर्चा की। कार्यशाला में अतिथि के रूप में टोपेन्द्र वर्मा डायरेक्टर आईसेक्ट बेमेतरा, अवधेश पटेल डायरेक्टर समाधान महविद्यालय, योगेन्द्र वर्मा अध्यापक कन्या शाला बेमेतरा एवं सभा के सभापति के रूप में प्रणय गौतम रहे। कार्यशाला आयोजन में सिंघरौर कूर्मि समाज के अध्यक्ष कौशल सिंह वर्मा, मंत्री सिंह वर्मा, नेमिचंद वर्मा, विजेंद्र वर्मा, अरविन्द चन्द्रशेखर वर्मा, गैंदराम वर्मा, राजा वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम युवाओं द्वारा बेमेतरा में बिलकुल नए अंदाज में प्रस्तुत किया गया। उन्हें संसदीय कार्यप्रणाली से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

### ज्योति ने कैंसर पीड़ितों के लिए किया केश दान


**डौंडीलोहारा।** नगर की ज्योति पटेल ने एनुका शार्वा के मार्गदर्शन में अपने बाल का दान कैंसर पीड़ितों के लिए विग बनाने वाली संस्था हेयर क्राउन तमिलनाडु को किया है। ज्योति के बाल कोरियर के माध्यम से भेजे जाएंगे, जिससे विग बनाकर जरूरतमंद कैंसर पीड़ित को दान किया जाएगा। ज्योति पटेल ने बताया कि वे अपनी शिक्षिका सुश्री शार्वा के कार्य और विद्यार्थियों के प्रति सहयोग और समर्पण की भावना से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि सार्वा मैडम द्वारा कैंसर के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें कैंसर पीड़ितों के लिए बाल दान करना भी शामिल है।

## बच्चों को घर में पढ़ने के लिए अच्छा माहौल दें



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पालकों ने अपने बच्चों के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम देखकर खुशी जाहिर की। इसके साथ ही बच्चों की गलतियों पर बारीकी से ध्यान देते हुए शिक्षक से चर्चा की। साथ ही बच्चों की कक्षा की विभिन्न विधाओं पर किए गए कार्यों को देखकर खुश हुए। शिक्षिका विधि शर्मा ने पालकों के विचारों को सुना तथा आगामी समय में उस पर कार्य करने के लिए आश्वस्त किया। पालक शिक्षक मेगा बैठक में महेश वर्मा, धर्मराज वर्मा, पनिहारीन, कमल, पुष्पा, दुष्यंत एवं अन्य पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिक्षिका विधि शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। घर में बच्चों को अच्छा माहौल दें। घर में भी अच्छा माहौल देना वातावरण देना पालकों का दायित्व है। उनकी छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान पालक घर पर ही करें। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। किसी भी तरह की शाला संबंधी जानकारी के लिए आप शाला में आइए आपका स्वागत है। प्रधान पाठक आशा कुजूर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग का आग्रह किया।

# नगर पंचायत दाढ़ी में अवैध कब्जे की बाढ़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दाढ़ी

नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जों की बाढ़ आ गई है। हर तरफ शासकीय जमीन पर तंबू गाड़ कर व्यवसाय करने में अवैध कब्जाधारी जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर

- शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रहे लोगों के हौसले

नगर पंचायत क्षेत्र में अटल व्यावसायिक परिसर योजना के तहत 10 दुकान भी निर्मित हुई, जिस 10 वर्ष पहले नीलामी प्रक्रिया के तहत वितरित किया जाना था, लेकिन अनुबंध कार्रवाई आज तक नहीं होने के कारण निर्मित ये 10 दुकानें खंडहर में तब्दील हो रही हैं। आवंटन नहीं होने के कारण भी अवैध कब्जे बढ़ रहे हैं।

नगर पंचायत क्षेत्र के गौठान चौक, तहसील कार्यालय के सामने से लेकर हाई स्कूल रोड, इंदिरा आवास चौक, गिधवा रोड पर धड़ल्ले से अवैध कब्जा किया जा रहा है। यह विगत 5 वर्षों से चल रहा है। उधर, नगर पंचायत दाढ़ी सीएमओ को इस मामले में शिकायत पत्र देने के बाद भी कारवाई नहीं किए जाने से उनकी कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं, अनुबंध की कार्रवाई पूर्ण करने की मांग उठी तो नगर प्रशासन की हवा निकाली गई। अवैध कब्जा व अवैध निर्माण को हटाने की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नागरिक मनोज का कहना है कि इस संबंध में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी व तहसीलदार तक को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन कई महीनों बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, अवैध कब्जे वाली दुकानों पर सील लगाने में भी अधिकारियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं। इसी का परिणाम है कि कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से शासकीय भूमि पर कब्जा करना लोगों के लिए आम बात हो गई है। नगर पंचायत के गौठान चौक से करोड़ों की भूमि पर लोग धीरे-धीरे छोटी-छोटी दुकानों के रूप में लगातार कब्जा करते जा रहे हैं और प्रशासन कार्रवाई की बजाए मूक दर्शक बने बैठा है।

**नवरात्रि पर संडी सिद्धि माता दर्शन करने पहुंच रहे भक्तों के लिए बना खतरा**

# निर्माण के सालभर के भीतर ही डोटू नाला पुल पर जगह-जगह दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला



लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग दुर्ग के अंतर्गत जिला बेमेतरा लोक निर्माण विभाग बेरला मुख्यालय के ग्राम सलधा व संडी के बीच डोटू नाला पर बना पुल निर्माण के सालभर बने नहीं हुआ, कि साइड ढांचा धंसने लगा है। वहीं, सड़क भी धंसने लगी है। इन्हें छिपाने के लिए ठेकेदार ने मुरुम डालकर राहगीरों के लिए खतरा व मुसीबत खड़ा कर दिया है, जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है।

जिले सहित प्रदेश में शारदीय नवरात्रि का पर्व चल रहा है। बेमेतरा जिले में ग्राम संडी के सिद्धि माता प्रदेश की प्रसिद्ध मंदिर है, जहां चैत्र व क्वांर माह में नवरात्रि पर श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन करने के लिए आते हैं। नवरात्रि के पर्व पर भव्य मेला का आयोजन तेरस के 13 दिनों तक और क्वांर नवरात्रि पर 9 दिनों तक लोगों का तांता लगा रहता है। डोटू नाला पुल पर दरार आने पर मुरुम डाल देने से खतरा और बढ़ गया है। ठेकेदार द्वारा घटिया मटेरियल व गुणवत्ताहीन निर्माण कारण पुल की ऐसी स्थिति बन गयी है, जिसका खामयाजा आम राहगीरों को भुगतना पड़ सकता है। वहीं, जिम्मेदार इंजीनियर व एसडीओ एवं कार्यपालन अभियंता की निष्क्रियता व नजर अंदाज के कारण गुणवत्ताहीन व घटिया मटेरियल का उपयोग कर निर्माण किया गया। सड़क पर कई जगह दरार आने से राहगीरों को जनहानि की बड़ी आशंका है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे उनकी कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### काम में खानापूर्ति

बता दें कि सलधा से संडी मार्ग डोटू नाला पर उच्चस्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग निर्माण किया गया है। निर्माण को साल भर भी नहीं हुए वहीं सलधा पश्चिम की ओर सड़क सहित साईड शोल्डर व ढांचे धंस गए हैं।इसके अलावा पुल में लगे ग्रिल आधी अधूरी लगे होने के कारण सीमेंट की सहायता ली गई है, उसमें भी दरार आ गई है, जो कभी भी गिर सकती है। वहीं, पुल से लगी सड़क पर साईड शोल्डर में मुरुम तक नहीं डाली गई है। कुल मिलाकर लग रहा है कि पूरे निर्माण कार्य में खानापूर्ति की गई है। शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

